## खबर संक्षेप



### फाइनेंस कंपनी के दफ्तर में लगी आग

**कटनी।** बरगवां स्थित श्रीराम फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में आग लगने के कारण वहां मौजूद सारा सामान जलकर खाक हो गया। कार्यालय में आग कैसे और किन कारणों से लगी फिलहाल इसका पता नहीं लगाया जा सका है। कार्यालय के कर्मचारियों को जब आग लगने की जानकारी लगी तो उन्होंने तत्काल घटना की सूचना फायर ब्रिगेड कार्यालय में दी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को शांत कराया। जब तक आग को बुझाया जा सकता तब तक कार्यालय में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी देते हुए श्रीराम फाइनेंस के कर्मचारियों ने बताया कि सुबह लोगों ने कार्यालय से धुआं उठता देख उन्हें फोन पर घटना की सूचना दी। वे लोग जैसे ही कार्यालय पहुंचे तो कार्यालय के अंदर से तेज धुआं उठ रहा था। कार्यालय से धुआं उठता देख उन्होंने इस घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर किसी तरह आग बुझाई, लेकिन जब तक आग बुझाई जा सकती तब तक कार्यालय के अंदर मौजूद फर्नीचर सहित दस्तावेज सभी जलकर खाक हो गए।

### सट्टा पर्ची काट रहे दो सटोरियों को पकड़ा

**कटनी।** सट्टी पर्ची काट रहे दो सटोरियों को अलग-अलग से गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार रीठी पुलिस ने गल्ला मंडी में रामनरेश पटेल निवासी ग्राम पोड़ी को और बायपास में राजकुमार आदिवासी को सट्टा पट्टी काटते हुए पकड़ा है। इसी तरह तालाब के पास ग्राम देवगांव में सुखनंदी भुमिया को सट्टा पट्टी काटते हुए पकड़ा है। उधर उमरियापान पुलिस ने ग्राम बरेली में पकंज रजक को सट्टा पट्टी काटते हुए पकड़ा है।

### अलग-अलग स्थानों से जब्त की देशी शराब

**कटनी।** शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने शराब जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर पुलिस ने शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार रीठी पुलिस ने ग्राम उमरिया में रामलाल पटेल के पास से 24 पाव शराब, ग्राम बडगांव गंगानगर में संतोष चक्रवर्ती निवासी ग्राम बड़गाव के पास से 18 पाव शराब, बाकल पुलिस ने राजासलैया में साहब सिंह के पास से 3 लीटर कच्ची महुआ शराब, बहोरीबंद पुलिस ने रामपाटन में सनतरी आदिवासी से 5 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है।

### बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हंतला व भीमपार मार्ग में अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये जिसमें से एक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि दूसरे को गहन उपचार के लिए रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार निक्की निगम अपने एक साथ के साथ मोटर साइकिल कहीं जा रहे थे। इसी बीच रात करीब 11 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि एक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि दूसरा गंभीर हालत में पड़ा रहा। आसपास के लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंच पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, हालत गंभीर होने पर उसे कटनी रेफर कर दिया गया। बहरहाल पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## बड़वारा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कछारी से झांपी तक बननी है एक किमी सड़क

# राशि स्वीकृत होने के बाद भी नहीं बनी सड़क बारिश में दलदल बन जाती है रोड, हादसे की रहती है शंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

कछारी ग्राम पंचायत में कछारी से झांपी तक पहुंच मार्ग बनाने के लिए शासन द्वारा 23 लाख 85 हजार रुपये की राशि शासन द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है किंतु ठेकेदार सहित जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते आज तक सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नही किया गया है। बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। कच्चा मार्ग बारिश में दलदल में तब्दील हो जाता है जिससे आवागमन करने वालों को हर वक्त हादसे होने का डर बना रहता है किन्तु सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के लिए हद दर्जे की लापरवाही बरती जा रही हैं।

कछारी से झांपी ग्राम तक का पहुंच मार्ग बनाने के लिए विगत आठ माह पूर्व बाकायदा टेंडर पास हो चुका है जिसकी राशि भी 23 लाख 85 हजार मंजूर हो गई है किंतु टेंडर लेने वाले ठेकेदार व विभागीय अधिकारी की सड़क निर्माण के प्रति उदासीनता व लापरवाही के कारण आज



दिनांक तक ग्राम पंचायत कछारी से झांपी तक के लोगों के आवागमन के लिये बनाये जाने वाले मार्ग का शुभारंभ नही




किया गया है जिसके कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्राम पँचायत कछारी सरपंच ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा कहा जा रहा है कि ग्रेवल सड़क का निर्माण किया जाना है किंतु सड़क में मात्र कंक्रीट युक्त मुरुम ही डाली जाएगी। ग्राम सरपंच ने बताया कि एक किलोमीटर की सड़क बनना है और उसके लिए राशि 23 लाख 85 हजार की राशि भी आठ माह पूर्व मंजूर हो गई है फिर भी ठेकेदार एवम एडीओ के द्वारा लगातार सड़क निर्माण करवाये जाने के कार्य मे हीलाहवाली की जा रही है। जिला कलेक्टर को भी मार्ग निर्माण नही किये जाने की शिकायत जिला कलेक्टर के व्हाट्सएप नम्बर में भेजी जा चुकी है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कछारी में कछारी से झांपी पहुंच मार्ग के कार्य की धीमी प्रगति से स्थानीय जनों समेत ग्राम पंचायत सरपंच में भी नाराजगी है। इस मार्ग की खराब स्थिति के कारण ग्रामवासियों एवं स्कूल जाने वाले बच्चों को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात शुरू हो चुकी है ऐसे में इस मार्ग से आवागमन करना मुश्किल हो जाएगा।

सरपंच भारती नीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि मार्ग की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें, ताकि संबंधित अधिकारी व ठेकेदार कार्य की प्रगति में तेजी ला सकें। विभाग एवं ठेकेदार द्वारा कार्य में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। ग्राम सरपंच ने कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है की ग्राम में सड़क निर्माण करवाये जाने के संदर्भ में जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाएंगे।

### इनका कहना है

जब सड़क निर्माण कार्य मे विलम्ब होने के विषय मे ठेकेदार व एडसीओ से जानकारी ली गई तो इनके द्वारा जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा गया कि हम शीघ्र ही कार्य करवाएंगे। ठेकेदार अमित शुक्ला का कहना टेण्डर की राशि उपलब्ध नही होने से मार्ग निर्माण कार्य मे देरी हुई है फिर भी अति शीघ्र सड़क मार्ग निर्माण कार्य प्रारंभ करवाएंगे वहीं विभाग के एसडीओ राकेश जैन का कहना है आपके द्वारा कछारी से झांपी पहुंच मार्ग कार्य मे ठेकेदार के द्वारा बिलम्ब किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है शीघ्र ही कछारी से झांपी पहुंच मार्ग का कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा।

### सर्पदंश से दो युवकों और करंट लगने से किसान की मौत

**कटनी।** बारिश का मौसम शुरू होते ही सर्पदंश के मामले सामने आने लगे हैं। इसी क्रम में कुठला व ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सर्पदंश से दो लोगों के मौत होने की घटना सामने आई है। सूचना पर पुलिस ने मामलों को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत संतोष आदिवासी पिता मनसुखलाल 20 निवासी दलीपुर की सर्प के काटने से मौत हो गई है। इसी प्रकार ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरई में भजन सिंह पिता होशियार सिंह बड़करे 45 की सर्पदंश से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इसी तरह बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सुड्डी ग्राम में करंट की चपेट में आने से एक युवा किसान की मौत हो गई। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार सुड्डी ग्राम निवासी प्रमोद पिता ज्ञान सिंह 22 खेत में बोरवेल चालू करने गया था। इसी दौरान विद्युत करंट की चपेट में आ गया। घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों ने बड़वारा पुलिस को दी। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

**फारेस्टर वार्ड की गलियों का घूमकर किया निरीक्षण**

## निरीक्षण में निकली महापौर ने गंदगी देख अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने महापौर प्रीति संजीव सूरी ने सोमवार को फ़ारेस्टर वार्ड की विभिन्न गलियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड में कचरे के ढेर को देख महापौर द्वारा एमएसडब्ल्यू की लापरवाही पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए नियमित रूप से कचरे का संग्रहण एवं डोर टू डोर एकत्रित करने हेतु सख़्त निर्देश दिये। साथ ही साफ़ सफ़ाई की अव्यवस्थित व्यवस्था को देख क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक एवं उप स्वच्छता पर्यवेक्षक को व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों हेतु पहले से



ही युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिये जिससे की कटनी शहर को भी स्वच्छता की दृष्टि से उच्चतम स्थान प्राप्त हो सके।

### व्यवस्थाएं रखें दुरुस्त

महापौर सूरी द्वारा शहर की स्वक्छता व्यवस्था में सुधार हेतु विभिन्न वार्डों में स्थित माधव नगर| ज़ाकिर हुसैन वार्ड, अमीरगंज एवं संजय नगर में स्थित सुलभ काम्प्लेक्स का निरीक्षण किया गया। उक्त काम्प्लेक्स सभी व्यवस्थाओं जैसे साफ़ सफ़ाई पानी इत्यादि को महापौर द्वारा बारीकी से देखा गया एवम् आवश्यक निर्देश दिये। संजय



नगर काम्प्लेक्स बंद पाये जाने पर संबंधित ठेकेदार को चेतावनी देते हुए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर नियमित रूप से संचालन हेतु सख़्त निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय पार्षद सुभाष साहू, रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, प्र स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं स्थानीय जनों की उपस्थिति रही।

## ईलाज एवं बेहतर देखभाल पर दिया प्रशस्ति पत्र



मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में उच्च जोखिम वाली गर्भवती माता के समय पर जिला अस्पताल के बर्थ वेटिंग रूम में उपचार हेतु भर्ती करने और उनकी देखभाल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार स्वास्थ्य कर्मियों को सोमवार को कलेक्टर अवि प्रसाद ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री प्रसाद से प्रशस्-पत्र प्राप्त करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों में वर्षा अहिरवार सी एच ओ उप स्वास्थ्य केन्द्र मुहास, सरिता डेविड ए एन एम उप स्वास्थ्य केन्द्र पडुआ कन्हवारा, शालिनी पटेल सी एच ओ और स्वाती कुशवाहा ए एन एम उपस्वास्थ्य केंद्र चरगवा बहोरीबंद शामिल हैं।

## निराश्रित गोवंश के प्रबंधन तथा भरण पोषण की अनुदान राशि के संबंध में बैठक 28 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में जिले के राजमार्गों एवं सड़कों पर मौजूद निराश्रित गौवंश के प्रबंधन तथा वर्ष 2024-25 के प्रथम त्रैमास (अप्रैल से जून 2024) की अनुदान राशि गौशालाओं में उपलब्ध गौवंश के भरण पोषण हेतु गौशालावार गौवंश की जानकारी को मध्यप्रदेश .गौसंवर्धन बोर्ड के बेब पोर्टल पर डाटा पृविष्टि की जानी है। इस संबंध में 28 जून को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गयी है।

समिति के सचिव एवं उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर.के.सिंह ने आयोजित बैठक में अध्यक्ष कृषि स्थायी समिति, मनोनीत उपाध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा, शास्त्री कालोनी, मनोनीत अशासकीय सदस्य राहुल दुबे, जुहली मडई गाँव, अमिता श्रीवास पंकज आरख सहित पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, वन मण्डलाधिकारी, वन विभाग, उप संचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, आयुक्त, नगर निगम, उप संचालक कृषि, सचिव मंडी बोर्ड, प्रबंधक ऊर्जा विकास निगम जबलपुर एवं प्रबंधक, श्री दयोदय पशु सेवा केन्द्र, कैलवारा, कटनी, माँ शारदा गौशाला एवं पर्यावरण समिति, जमुआनीकलों, श्री नंद गौशाला समिति, ग्राम-तालीरोहनिया, ग्रा०पं०-कुठियामहगयों, तहसील बरही से आयोजित बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि eiz शासन, पशु पालन एवं डेयरी विभाग द्वारा राजमार्गों एवं सड़कों पर मौजूद निराश्रित गौवंश के प्रबंधन के संबंध में जारी निर्देशों के परिपालन एवं म०प्र० गौसंवर्धन बोर्ड, भोपाल द्वारा मुख्यमंत्री गौसेवा योजना, पंजीकृत अशासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं को वर्ष 2024-25 के प्रथम त्रैमास (अप्रैल, मई एवं जून 2024) की अनुदान राशि गौशालाओं में उपलब्ध गौवंश के भरण पोषण हेतु गौशालावार गौवंश की जानकारी म.प्र. गौ संवर्धन बोर्ड के वेब पोर्टल पर जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति कटनी की अनुशंसा के उपरांत अपलोड किया जाना है।

**कोतवाली थाना क्षेत्र के कैलवाराखुर्द ग्राम का मामला**

## युवक ने की आत्महत्या, शव सड़क में रख किया प्रदर्शन, पत्नी पर प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलवारा खुर्द में एक युवक द्वारा आत्महत्या किये जाने के बाद आक्रोशित परिजनों ने शव को सड़क में रखकर मृतक की पत्नी पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही करने की मांग की। सड़क मे शव रखकर चक्का जाम करते हुए मृतक के भाई मनोज ने कहा की मेरे बड़े भाई दीपक की शादी को 4 वर्ष बीत गए लेकिन उनकी पत्नी से उसके आए दिन झगड़े होते रहते थे। जिसके चलते वे दोनो अगल अलग रहने लगे। दीपक ने काफी बार पत्नी से कहा की मैं सुधर चुका हूं अब साथ रहते है, लेकिन उसकी पत्नी ने साथ मे रहने से साफ मना कर दिया।



उसके बाद तलाक की बात भी रखी गई। लेकिन उसने तलाक देने से भी मना कर दिया।

परिजनों का आरोप है कि आए दिन मृतक दीपक की पत्नी के द्वारा उसे परेशान किया जाता था जिस कारण परेशांन होकर उसने रविवार रात पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस बात की जानकारी पुलिस को भी दी गई और मौके पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पीएम कार्यवाही के लिए भेजा और जाँच पड़ताल के बाद शव के पेंट की जेब से सोसाइड नोट भी प्राप्त हुआ। लेकिन उसमे मृतक के द्वारा क्या लिखा गया वह अभी तक परिजनों को नही बताया गया। शव को पीएम कार्यवाही के बाद घर वापस भेज दिया गया।

मृतक के भाई का कहना है कि अब तो मेरा भाई दीपक प्रताड़ित होकर खुदकुशी तो कर ही ली है अब हमको इनकी कोई जरूरत नही और और आगे चल कर इनके द्वारा पूरे घर वालो को परेशांन करेंगी। जब तक भाई जिंदा था तब तो साथ मे नही रही और अब अगर अब वह भविस्य मे वह घर आकर परिवार वालो को पैसों एवं प्रापर्टी को लेकर परेशांन करेंगे तो पूरा घर परिवार के लोग घर से बेघर हो जायेंगे या फिर जैसा भाई ने किया वैसा ही हम लोगो को करना पड़ेगा।

**समीक्षा बैठक में महापौर ने भेजे विकास की अनेक योजनाओं के प्रस्ताव**

## ट्रांसपोर्ट नगर शिफ्टिंग मामले में सख्त रुख, शहर के बाहर होंगी डेयरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जबलपुर में गत दिवस हुई संभागीय समीक्षा बैठक में महापौर प्रीति सूरी ने शहर के विकास से जुड़ी अनेक योजनाओं के प्रस्ताव तैयार कराकर भेजे हैं। मेयर प्रीति सूरी ने बताया कि वे निजी कारणवश संभागीय बैठक में उपस्थित नही हो सकी लेकिन उन्होंने कलेक्टर के जरिये नगर निगम द्वारा किये जाने वाले कार्य समीक्षा बैठक के लिए प्रस्तावित किये। महापौर ने कहा कि शहरी सीमा के भीतर कराए जाने वाले कार्यों का उत्तरदायित्व नगर निगम का है, लिहाजा कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को साथ लेकर नगर निगम के जनप्रतिनिधियों की पूरी टीम विकास की दिशा में कृत संकल्पित है।

जानकारी के मुताबिक जो प्रस्ताव भेजे गए उनमें ट्रांसपोर्ट नगर योजना को लेकर खास फोकस है। मेयर का रुख इस मसले पर सख्त है। जो ट्रांसपोर्टर्स शिफ्ट नही होंगे उनके प्लाट निरस्त करने की कार्यवाही नगर निगम शुरू करेगा। निगम की वित्तीय स्थिति ठीक न होने से शासन द्वारा स्वीकृत कार्यों के अनुदान आवंटन के संबंध में भी जिक्र किया गया है। प्रस्तावों के मुताबिक मास - मछली के खुले में विक्रय को रोकने हेतु स्थान चिन्हित कर मार्केट का निर्माण किये जाने की योजना है। इसके अलावा शहर में ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ने के कारण हो रही समस्याओं के समाधान की दिशा में भी ध्यान दिया गया है।

पत्र के मुताबिक निगम के बाजु वाली गर्ल्स कॉलेज की ज़मीन नगर निगम कटनी को हस्तांतरण करने की बात उठाई गई है। साथ ही NVDA का टनल कार्य अधूरा होने से कठिनाईयां आने का भी जिक्र है। मेयर के मुताबिक स्पेशल असिस्टेंस स्कीम के तहत 22.00 करोड़ की लागत से माधवनगर से पन्ना तिराहा तक लगभग 3.00 किमी में सड़क विकास एवं उन्नयन कार्य हेतु राशि जारी करने का अनुरोध किया गया है। इसके साथ ही नगर निगम सीमा में विभिन्न विकास कार्यों हेतु भूमि आवंटन तथा रिकॉर्ड दुरुस्ती के प्रस्ताव भी शामिल हैं। नगर निगम कटनी सीमा क्षेत्र के विस्तार के साथ समस्त दूध डेरियों को व्यवस्थित रूप से शहर से बाहर करने की दिशा में भी काम शुरू होना है। ये तमाम विषय शहर से जुड़े हैं जिन पर मेयर और परिषद की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### सीएम और सांसद से मुलाकात, कलेक्टर भी कर रहे सहयोग

महापौर प्रीति सूरी ने कहा कि कटनी नगर निगम क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर उन्होंने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद वीडी शर्मा से मुलाकात की है। उन्होंने नगर निगम के विकास कार्यों में सहयोग का आश्वासन दिया है। कलेक्टर अवि प्रसाद भी बेहद संवेदनशील है तथा उनका रुख भी विकास को लेकर सकारात्मक है।




### नगर निगम द्वारा फायर सेफ्टी संबंधी जागरूकता अभियान जारी

**कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा फायर सेफ्टी जागरूकता अभियान अंतर्गत निरंतर जारी है। अभियान के तारतम्य में आज निकाय द्वारा लघु उद्योग भारती महाकौशल द्वारा आयोजित अंचल बैठक एवम उद्यमी सम्मेलन कार्यक्रम में फायर एनओसी संबंधित विभिन्न प्रावधानों की जानकारी नागरिकों में बढ़ाने के उद्देश्य से उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी उद्योमियो को मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं एनबीसी (नेशनल बिल्डिंग कोड) की गाइडलाइन के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी प्रदाय की गई ।

## 4 आदतन अपराधियों को हर माह थाना में देनी होगी हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद ने चार आदतन अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए संबंधित पुलिस थाना में 6 माह की अवधि तक प्रतिमाह दो दिन उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर ने दो आदतन अपराधियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेलवे से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। इनमें झर्रा टिकुरिया फारेस्ट वार्ड कटनी निवासी 25 वर्षीय दीपक वंशकार शामिल हैं, दीपक के विरुद्ध थाना जी आर पी कटनी सहित सिटी कोतवाली एवं थाना रंगनाथ नगर व माधवनगर को मिलाकर वर्ष 2013 से 16 अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। इसी प्रकार झर्रा टिकुरिया दुर्गा मंदिर निवासी 23 वर्षीय सुमित उर्फ अतुल वंशकार द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में वर्ष 2017 से कुल 18 अपराध घटित किये गए हैं। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक कटनी के प्रतिवेदन पर दो आदतन अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इसमें राहुल उर्फ चुहिया साहू उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सिलौडी थाना ढीमरखेड़ा के विरुद्ध वर्ष 2020 से अब तक चोरी, मारपीट जैसे 5-6 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। साथ ही बरनमहगवा थाना बरही निवासी छोटे लाल तिवारी उम्र 20 साल के खिलाफ वर्ष 2007 से अबतक विभिन्न पुलिस थानों में 7 प्रकरण दर्ज किए गए हैं और विभिन्न न्यायालयों में प्रचलित है।

कलेक्टर ने इन चारों आदतन अपराधियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए इन सभी को आगामी 6 माह की अवधि तक प्रतिमाह दो दिन अपने निवास क्षेत्र के पुलिस थाना में उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश दिया है।

## कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में प्रकरणों के निराकरण को प्राथमिकता देने के दिए निर्देश

# लापरवाह अधिकारियों को फटकारा, दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित पत्रों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सी एम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण में पर्याप्त रूचि नहीं लेने वाले अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली के प्रति गहन नाराजगी जाहिर की और संतुष्टि के साथ शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने स्वास्थ्य और ऊर्जा विभाग में बड़ी संख्या में लंबित सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटारे पर अधिकारियों को विशेष ध्यान देने की नसीहत दी। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया कि वे मनरेगा योजनान्तर्गत 10 मुख्य कार्यों की सूची प्रदान करें। कलेक्टर ने अवैध माइनिंग और वाहनों में क्षमता से अधिक खनिज परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध आर टी ओ और माइनिंग विभाग को संयुक्त रूप से कार्रवाई के निर्देश दिये।



कलेक्टर को जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि इस साल अब तक एक लाख 18 हजार 35 मेट्रिक टन गेहूं उपार्जित किया जा चुका है। जो पिछले साल की तुलना में 4.24 फीसदी अधिक है अर्थात पिछले साल जहां 1 लाख 13 हजार 231 मीट्रिक टन गेहूं ही उपार्जित किया गया था वहीं इस साल एक लाख 18 हजार 35 मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। इसके लिए किसान भाईयों को 277 करोड़ 48 लाख रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है।

### समितियों की जानकारी देवें

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि कलेक्टर की अध्यक्षता में होने वाली विभागीय समितियों की जानकारी और उनसे संबंधित सर्कुलर भी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि क्रियाशील समितियों की नियमित बैठक आयोजित कर कार्यों का नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण किया जा सके।

### निजी डाक्टरों ने की 86 सोनोग्राफी

बैठक में सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि प्राइवेट और शासकीय रेडियोलॉजिस्टों द्वारा पिछले 22 दिनों में 292 मेटरनिटी और अन्य मामलों की सोनोग्राफी की गई। इसमें प्राइवेट रेडियोलॉजिस्ट ने 70 सोनोग्राफी केस जिला चिकित्सालय में और 16 मामलों की सोनोग्राफी अपने निजी क्लीनिक में की गई। जबकि 106 सोनोग्राफी स्वयं सी एम एच ओ डा आठ्या द्वारा की गई।

### अस्पताल में 24 घंटे रहें डाक्टर

कलेक्टर श्री प्रसाद ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि ऐसी व्यवस्था बनायें ताकि ज़िला चिकित्सालय में 24 घंटे डाक्टर्स की उपलब्धता रहे। डाक्टर के लिए वेटिंग रूम भी बनवाये और मौजूदा डाक्टर्स में ही यह सुनिश्चित करें कि प्रसूताओं सहित अन्य मरीजों के लिए 24 घंटे डाक्टर की सुविधा उपलब्ध रहे। कलेक्टर ने कहा अभी डाक्टर की ड्यूटी आफ होने पर होता यह है कि दोपहर में जिला अस्पताल में कोई डाक्टर नहीं होते हैं। जिससे मरीजों के उपचार का दायित्व नर्सों को सम्हालना पड़ता है। इसलिए यहां 24 घंटे डाक्टर की मौजूदगी रहनी चाहिए।

कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने पोषण किट के साथ-साथ एन आर सी केन्द्रों की भी मदद लेने के निर्देश दिए। जिले में 30 बायोगैस प्लांट बनाने के लक्ष्य की पूर्ति हेतु तत्काल स्थल व हितग्राहियों का चयन करने कलेक्टर श्री प्रसाद ने एम पी एग्रो के प्रबंधक को निर्देशित किया।

### कन्या विवाह की तिथियां करें निर्धारित

कलेक्टर श्री प्रसाद ने नगरीय निकाय और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने यहां के जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए तिथियों का निर्धारण कर लें। साथ ही लोगों को तय तिथि की जानकारी देने इसका व्यापक प्रचार -प्रसार भी करवायें।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने समय-सीमा बैठक में विशेष जनजातीय बैगा बाहुल्य ग्राम कारोपानी में बेहतर आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के इंजीनियर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इसी प्रकार बर्थ वेटिंग रूम में उपचाररत हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के ईलाज और देखभाल के क्षेत्र में अच्छे कार्य के लिए कलेक्टर श्री प्रसाद ने नर्सों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

## खबर संक्षेप



### भजिया ग्राम में मनाई गई श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि

**बड़वारा।** विलायत कला भाजपा मंडल के भजिया भुड़सा ग्राम में भाजपा मंडल के विलायत कला मंडल अध्यक्ष गजेंद्र उपाध्याय के सौजन्य से श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुण्य तिथि मनाई गई। इस दौरान सक्रिय कार्यकर्ता अखिलेश श्रीवास्तव, छोटा चौहान इंदु कुशवाहा एवम सभी कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई।

### ट्रक पलटा, दबने से कंडक्टर की मौत

**कटनी।** कैमोर विजयराघवगढ़ मार्ग पर रोड एक्सीडेंट में ट्रक कंडक्टर की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक हादसा ट्रक पलटने से हुआ। अनियंत्रित ट्रक पलटने से घटना स्थल पर ही कंडक्टर की ट्रक के नीचे दबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में ड्राइवर गम्भीर रूप से घायल हुआ है जिसे अस्पताल विजयराघवगढ़ पहुचाया गया।

### फांसी के फंदे में झूलकर युवक ने की खुदकुशी

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत केरिन लाइन में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूत्रों की माने तो कुछ दिन पहले ही युवक ने प्रेम विवाह किया था। इस पर युवक के घर वालों ने आपत्ति की थी तब से परिवार और युवक के बीच तनाव था। मामला चर्चाओं में संदिग्ध मौत का भी बताया गया। जानकारी के मुताबिक केरिन लाइन में किराए के मकान में रह रहे प्रकाश मिश्रा निवासी चौबे वार्ड ने कुछ दिन पूर्व एक युवती से विवाह कर लिया था जिससे युवक के पिता नाराज थे और युवक युवती के साथ किराए के मकान में रहने लगा था। सोमवार सुबह युवक ने अपने पिता को जानकारी दी की 14 जून को उसने कोर्ट मैरिज कर ली है। इसके बाद अचानक फांसी के फंदे पर झूल गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### विजेता प्रतिभागी कलेक्टर के हाथों हुए सम्मानित

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ की गई कटनी को जानो ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता के नवमें दिवस वसुधा फाल रीठी एवं मां शारदा मंदिर विजयराघवगढ़ से संबंधित सवाल ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता में पूछे गए। जिसका जवाब प्रतिभागियों द्वारा सब्मिट करने के बाद चयनित विजेता प्रतिभागियों को सोमवार को कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिले के ऐतिहासिक स्थलों के बाद प्राकृतिक छटा से भरपूर रीठी का वसुधा फाल की महत्वपूर्ण जानकारी और अद्भुत, शानदार एवं मनमोहक इस वसुधा फाल से संबंधित और विजयराघवगढ़ में विराजी श्रद्धा एवं आस्था का स्थल मां शारदा मंदिर से संबंधित सवालों के जवाब देकर कलेक्टर के हाथों प्रथम पुरस्कार श्रीमंत पुरी गोस्वामी को प्रदान किया गया।

### उद्यमी सम्मेलन एवं फायर सुरक्षा पर हुई कार्यशाला

**कटनी।** लघु उद्योग भारती द्वारा निजी होटल मे उद्यमी सम्मेलन एवं फायर नियमों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योगों के विकास एवं फायर नियमों की जानकारी प्रदान की गई । संगठन के महाकौशल अंचल के अध्यक्ष अनिल वासवानी एवं सचिव हरि सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया कि कटनी में लघु उद्योग भारती के कार्य को विस्तार देने के लिए एवं एमएसएमई को उद्योगों संबंधी आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए एकदिवसीय अंचल का उद्यमी सम्मेलन आयोजित किया गया । संपूर्ण आयोजन दो सत्रों में आयोजित किया गया जिसमें द्वितीय सत्र में नगर निगम से आए हुए फायर सुरक्षा संबंधी अधिकारियों द्वारा फायर नियमों की जानकारी प्रदान की गई एवं उसकी एन ओ सी लेने का क्या प्रावधान है एवं किन-किन को लेना अनिवार्य है यह संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई समस्त उद्योगों द्वारा फायर नियमों से संबंधित प्रश्नों को भी संबंधित अधिकारियों से पूछा गया ।ग्राम शिल्प को प्रोत्साहित करने के लिएईशान जैन एवं काजल सोंधिया द्वारा स्टॉल लगाया गया ।

**प्रकरणों के निराकरण में ढीमरखेड़ा तहसील सबसे अग्रणी**

## कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अब तक 4106 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण कार्य में तेजी आई है। इस वजह से निराकृत सीमांकन प्रकरणों का आंकड़ा अब 4 हजार को पार कर गया है, अर्थात सोमवार तक सीमांकन के लंबित कुल 4 हजार 1सौ 6प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है।

अधीक्षक भू-अभिलेख डा राकेश कुमार ने बताया कि कलेक्टर श्री प्रसाद की सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में रुचि लेने के पूर्व काफी पुराने सीमांकन प्रकरण लंबित पड़े थे। लेकिन राजस्व अधिकारियों को दिए निर्देश और निरंतर समीक्षा के बाद आए सीमांकन कार्य में तेजी के बाद जिले भर में औसतन प्रतिदिन एक सैकडा सीमांकन प्रकरण निपटाए जा रहे है।



जिले की विभिन्न तहसीलों में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले मे तहसील ढीमरखेड़ा द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाकर अब तक कुल 608सीमांकन प्रकरणों का निपटारा करते हुए निरंतर प्रथम स्थान पर अपनी जगह बनाये हुए है। वहीं तहसील विजयराघवगढ़ में अब तक कुल 497 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं तहसील स्लीमनाबाद ने भी अब तक कुल 471 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर तीसरे स्थान पर अपनी जगह बना ली है।

जबकि तहसील रीठी द्वारा चौथे स्थान पर रहते हुए अब तक 469 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इसी तरह तहसील कटनी नगर द्वारा 457सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर पांचवे और तहसील बरही में अब तक सीमांकन के कुल 447 प्रकरणों का निराकरण कर छठे स्थान पर, तहसील बहोरीबंद 422 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर सातवें, तहसील बडवारा 405 प्रकरणों का निराकरण कर आठवें स्थान पर और तहसील कटनी द्वारा अब तक कुल 330सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है।

## मॉक ड्रिल से अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव की दी जानकारी



निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देशन में नगर निगम के अग्निशमन दल द्वारा शहर के विभिन्न जन एकत्रित होने वाले स्थानों में फ़ायर मॉक ड्रिल का आयोजन करते हुए नागरिकों को अग्नि दुर्घटना से बचाव व सुरक्षा हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में उक्त दल के द्वारा दिनांक 21 जून को शहर के विशाल मेगा मार्ट एवं बरही रोड स्थित सिटी मॉल में अग्निदुर्घटना से बचाव हेतु लगे फ़ायर सेफ्टी उपकरणों की जाँच की गई एवं विशाल मेगा मार्ट तथा सिटी मॉल के परिसर में वहाँ के सेफ्टी एवं मेंटेनेंस हेतु कर्मचारियों के साथ मिल कर फायर मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया साथ ही लोगो में अधिक से अधिक अग्नि सुरक्षा हेतु जागरूकता फैलाने के लिए वहाँ पर उपस्थित लोगो को फायर अलार्म और अग्निशामक जैसे उपकरणों को चलाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया।

## ग्रीष्मकालीन समर कैम्प का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस लाइन में चल रहे ग्रीष्मकालीन समर कैम्प का समापन हो गया। समापन समारोह कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुलिस विभाग में पदस्थ हमारे अधिकारी, कर्मचारी अपने कार्य की व्यस्तता के कारण अपने परिवार को पूर्ण समय नहीं दे पाते, जिससे बच्चे विभिन्न गतिविधियों में भाग नहीं ले पाते। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान पुलिस परिवार के बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं विभिन्न विधाओं में पारंगत बनाने के उद्देश्य से इस समर कैम्प का आयोजन कराया गया। जिसमें पुलिस विभाग के प्रशिक्षकों के साथ-साथ निजी प्रशिक्षकों एवं खेल विभाग का भी सहयोग लिया गया। एसपी ने कहा कि समर कैंप में सभी को एक साथ लाने का उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों में शामिल कराकर उनमें कुशल बनाना था,



जिसमें सभी ने कड़ी मेहनत की। पुलिस परिवार के बच्चो एवं सदस्यो ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस परिवार के बच्चों, प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रदर्शन को सराहा एवं प्रोत्साहित कर प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार भी वितरित किए। साथ ही साथ प्रशिक्षकों, कोच को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समर कैंप समापन दिवस पर पुलिस परिवार के लिए बड़ा खाना का भी आयोजन किया गया।

समर कैंप के समापन के दौरान एडि एसपी संतोष डेहरिया, सीएसपी ख्याति मिश्रा, एसडीओपी स्लीमनाबाद अखिलेश गौर, एसडीओपी विजयराघवगढ़ कृष्ण पाल सिंह, डीएसपी अजाक प्रभात शुक्ला, रक्षित निरीक्षक श्रीमती संध्या राजपूत, थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी माधव नगर, थाना प्रभारी कुठला, थाना प्रभारी बरही, थाना प्रभारी कैमोर, थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा, थाना प्रभारी स्लीमनाबाद, थाना प्रभारी एनकेजे, थाना प्रभारी रंगनाथ नगर, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**दुर्घटना संभावित क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए रेस्टोरेशन कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया**

## महापौर ने क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण कर वैकल्पिक व्यवस्था बनाने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर प्रीति संजीव सूरी आम नागरिकों की परेशानी को देखते हुए आज दिनांक 24 जून को वार्ड क्रमांक 1 बाल गंगाधर तिलक वार्ड मल्टी के सामने गली नंबर 6 में सीवरेज कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण करने सुबह 7 बजे पहुँची शहर में सीवरेज कार्य से विभिन्न सड़कें क्षतिग्रस्त होने से सभी वार्ड के नागरिकों को आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिन स्थानों में सीवर लाइन डाली जा चुकी है वहाँ पर रेस्टोरेशन कार्य को तेज़ी से करने हेतु कंपनी को निर्देशित किया गया है एवं दुर्घटना की संभावना को देखते हुए सीवरेज कंपनी एवं क्षेत्रीय उपयंत्री को डस्ट डाल कर वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए



त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। महापौर सूरी द्वारा नागरिकों से बात कर सीवर कार्य के महत्व को समझाते हुए कहा कि शासन की योजनांतर्गत प्रत्येक वार्ड में सीवर लाइन डाली गई है एवं कुछ स्थानों में डाली जा रही है आमजन को सीवर कार्य के दौरान कुछ समय के लिए असुविधा का सामना करना पड़ सकता है] लेकिन आगामी सीवर प्रणाली से होने वाले लाभों से हमारे शहर की गंदगी खत्म हो जाएगी एवं गंदगी के कारण बीमारियों से निजात मिलेगी शहर साफ सुथरा स्वच्छ बनेगा।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय महिलाओं द्वारा महापौर सूरी से विकास कार्य की माँग करते हुए अपनी अन्य समस्याओं से अवगत कराया जैसे नाली सफ़ाई] लाइट खंभे] अव्यवस्थित बिजली की तारें इत्यादि जिस पर पर महापौर द्वारा तत्काल जेसीबी द्वारा साफ़-सफ़ाई कराने, मिट्टी हटाने एवं ख़राब स्ट्रीट लाइट के सुधार कार्य हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। महापौर सूरी द्वारा सभी को समझाते हुए कहा कि विकास कार्य एक पूरी प्रकिया के तहत कराये जाते है] नगर निगम सीमांतर्गत विभिन्न स्थानों में विभिन्न कार्य कराए जा रहे है।

बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 1 में भी अन्य गलियों में कुछ कार्य कराये जा चुके है एवं आगामी वर्षों में भी कराये जाएँगे आपकी समस्या को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए मैं निरंतर प्रयासरत रहूँगी] आप सभी से धैर्य रखते हुए सहयोग की अपील है।

**सर्पदंश के मामलों में भी हो रहे इजाफा, बरसाती कीड़ों से फजीहत**

## बारिश का मौसम शुरू होते ही तरह-तरह के कीड़ों की भरमार से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरसात का मौसम आते ही तरह तरह के कीड़े-मकोड़ों का आतंक शुरू हो गया है। शाम होते ही बिजली चालू करने पर बल्ब-ट्यूब लाइट के आसपास बड़ी संख्या में कीड़े मंडराने लगते हैं। इन्हें भगाना काफी मुश्किल हो रहा है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों को हो रही है। जिनको काटने की आशंका से घर के बड़े बुजुर्ग भी चिंतित रहते हैं। घर के बाहर लगीं स्ट्रीट लाइट्स के आसपास भी छोटे कीड़ों की भरमार रहती है। लोगों का कहना है कि कीड़ों की भरमार के चलते उठना बैठना खाना पीना भी कठिन हो रहा है। सबसे ज्यादा झींगुर, पंखीयारी, व काले कीड़े परेशानी का सबब बने हुए हैं। यदि इनको मारने के लिए दवा का छिड़काव करें तो स्थिति और बिगड़ जाती है। घर में भी लोग खाना मुश्किल से कर पा रहे हैं।

चिकित्सकों का कहना है कि बरसात में निकलने वाले कई कीड़े जहरीले होते हैं। इसीलिए लोगों को चाहिए इससे बच्चों का बचाव करें। वे भी शाम के पहले ही भोजन कर





लें। अगर आपकी बालकनी में लाइट लगी हुई है और रात को चालू रखना चाहती हैं तो शाम होने से पहले अपने कमरे की खिड़कियों को बंद कर दें। वहीं बरसात के मौसम में खिड़कियों के आसपास पौधों को हटाकर रखें, दरअसल कुछ लोग घर के अंदर भी पौधे रखते हैं, लेकिन बरसात में शाम के टाइम इन्हें बाहर रख दें। शाम के समय कुछ देसी उपाय कर सकते हैं। इसके लिए सूखी नीम की पत्तियों भी जला सकते हैं।

घरों के अलावा कार्यालयों व स्कूलों में बरसात के समय विषेले जीव निकलने के मामले समाने आते रहते हैं। सोमवार को कुठला क्षेत्र के कोरी मोहल्ला में एक सांप नाली में घुस आया। लोगों की आहट पाते ही वह छिप गया। कुछ देर बाद माहौल शांत होने पर वह पाइप के सहारे एक घरे में घुस गया। महिला जब बर्तन धोने के लिए गई तो वह सांप वहां छिपा बैठा था गनीमत यह रही कि सर्प ने काटा नहीं। महिला किसी तरह बाहर आई और लोगों की मदद से सर्प को बाहर किया गया। गनीमत यह रही कि उस समय बच्चे वहां नहीं थे। इसके अलावा खेती किसानी का समय शुरू हो गया है ऐसे सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बाड़ियों व कच्चे घरों में सर्प के काटने के मामले सामने आ रहे हैं। बीते करीब एक सप्ताह के भीतर आधा दर्जन से अधिक सर्पदंश के मामले सामने आ चुके हैं जिनमें अधिकांश पीड़ितों की जान जा चुकी है।

सर्प पकड़ने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के समय घरों के आसपास खाली पड़े प्लाटों में पानी भरने की वजह से यह जीव जंतु सुरक्षित व सूखी जगह की ओर रुख कर लेते हैं। ऐसे में कई जगह घरों में घुस जाते हैं।

## जीवन में डरता वही है जो पाप कर्म करता है, सत्कर्म वाले ईश्वर के बताये मार्ग पर चलते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में संस्था की प्रथम पूर्व मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वतीजी का 59 वीं स्मृति दिवस मम्मा डे के रूप में मनाया गया ।प्रातः काल बीके दुर्गा बहन द्वारा बाबा और मम्मा को भोग अर्पित कराया गया ।

संस्था के भाई बहनों ने मातेश्वरी जगदंबा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनकी सद्गुणों को प्रेम करुणा जैसे दिव्य गुणों को धारण करने का संकल्प लिया ।राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने मातेश्वरी जगदंबाजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मातेश्वरी जगदंबा के व्यक्तित्व में सरलता मधुरता और निर्भयता का समावेश था वह कहती थी कि अगर परमात्मा साथ हो तो फिर किसी भी बात से जीवन में डरना नहीं चाहिए डरता वह है जो पाप



कर्म करता है हम तो श्रेष्ठ कर्म सत्कर्म करने वाले हैं ईश्वर के बताएं रास्ते पर चलने वाले हैं ।

आज ही के दिन मातेश्वरी ने अपनी स्थूल देह का त्याग कर जीवन भर तपस्या बल से संपूर्ण अवस्था को प्राप्त कर लिया था वह हमेशा कहा करती थी हर घड़ी को अंतिम घड़ी समझकर जीना चाहिए।

मंजू शर्मा ने मातेश्वरी जगदंबा को पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि जब हम इस भवसागर में आते हैं तब हम देखते हैं की मां के अनेक रूप हो जाते हैं जरूरी नहीं है जो हमें जन्म दे वो बस मां है मां वह भी होती है जो हमें सदमार्ग में ले जाती है अच्छी शिक्षा देती है । सावित्री तिवारी सविता पुरबिया आरती माता ने भी मातेश्वरी जगदंबा पर आधारित काव्य पाठ और गीत सुनाया ।

इस अवसर पर बीके दुर्गा बहन , अनीता बहन , सुमन बहन , सविता बहन , नेहा , बरखा , ज्योति , बेबी , चमन ' रानी शर्मा, पलक मिश्रा , मुस्कान मिश्रा, हर्षिता, लक्ष्मी जयसवाल , ममता बहन , आरती श्रीवास्तव , शानू , संध्या , संजना , काव्या , सुनील भाई , रमेश भाई , सुरेश भाई , वैभव भाई , विनय भाई , केशव भाई सहित अन्य की उपस्थिति रही अंत में सभी को ब्रह्मा भोजन कराया गया ।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के आरोपी को 1 वर्ष का कारावास कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, कि दिनांक 19.01.2020 को समय करीब 10 बजे फरियादी संगीता साहू द्वारा इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई गई कि वह पहाडीखेरा में निवास करती है एवं घर ग्रहस्थी एवं मजदूरी काम करती है। दिनांक 19.01.2020 को समय करीब 10:00 बजे दिन की बात है। वह एवं उसका छोटा लडका पुन्नू साहू दोनो पन्ना जाने को घर से निकल कर बस स्टैण्ड आ रहे थे जो रास्ते में मुन्ना गौड़ के मकान के पास उसका जेठ अच्छेलाल साहू उसे मिला और उससे बोला कि तुम भी यहां पन्ना से आकर रूक जाती है तो कोई न कोई झगडा विवाद करती है और उसे मां बहिन की बुरी-बुरी गाली देने लगा तो उसने गाली देने से मना किया जिस पर अच्छेलाल साहू हाथ में लिये डण्डा से उसकी मारपीट करने लगा। मारपीट से उसके सिर में माथे में एवं बायें पैर के पंजा में चोटे आ गई थी और सिर में से खून बहने लगा था। मौके पर उसका लडका पुन्नू साहू उसे बचाता रहा और उसने 100 नंबर पर फोन लगा दिया। जिस पर अच्छेलाल गंदी-गंदी गालियां देकर बोला तुमने उसकी रिपोर्ट पुलिस में की तो जान से मार देगा और धमकी देकर मारपीट कर गांव तरफ चला गया। बाद में मौके पर 100 नंबर वाहन व पुलिस आ गई। उसी वाहन से वह पुलिस चौकी पहाडीखेरा रिपोर्ट को आई है। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध पंजीबद्ध किया गया। फरियादी की घोटों का डाक्टरी मुलाहिजा जिला अस्पताल पन्ना से कराया गया। फरियादिया की एक्सरे रिपोर्ट में डाक्टर साहब द्वारा फैक्चर शार्ट ऑफ लेफ्ट फीमर लेख होने से मामले में धारा-325 भा०द०स० का इजाफा किया गया। घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया। फरियादी एवं गवाहों के कथन लेख किये गये। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय श्रीमान प्रीतम शाह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, पन्ना के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए श्री रोहित गुप्ता, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी अच्छेलाल साहू को धारा- 325 भादसं. में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### सिंग्रामपुर में रानी दुर्गावती के 461 वें बलिदान दिवस पर गरीमामय कार्यक्रम संपन्न

# चौरई में बनेगा बड़ादेव का भव्य मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह






प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा समूचे भारतवर्ष को गौरवांवित करने वाली, अद्भुत व्यक्तित्व की धनी वीरांगना रानी दुर्गावती जी का शासन काल अपनी प्रजा की भलाई के लिए जाना जाता है। 500 वर्ष का इतिहास दुर्गावती के शौर्य एवं साहस का प्रतीक है। राज्यमंत्री श्री लोधी ने रानी दुर्गावती के चरणों में प्रणाम करते हुए कहा यह क्षेत्र रानी की संघर्ष स्थली रही है। श्री लोधी आज सिंग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के 461 वे बलिदान दिवस पर पुन्यतिथि समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा आज मुख्यमंत्री जी ने जबलपुर में घोषणा की है कि जबलपुर एयरपोर्ट का नाम रानी दुर्गावती के नाम से किए जाने भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। उन्होंने कहा जबलपुर स्थित मध्य प्रदेश के सबसे बड़ा फ्लाई ओवर का नाम रानी दुर्गावती के नाम पर किए जाने की घोषणा मुख्यमंत्री जी ने की है। उन्होंने कहा मैं सौभाग्यशाली हूं कि जिस विधानसभा क्षेत्र से मैं विधायक हूं वह रानी दुर्गावती जी का संघर्ष क्षेत्र रहा है। श्री लोधी ने कहा प्रदेश सरकार रानी दुर्गावती जी को निरंतर सम्मान देने का काम कर रही है। रानी दुर्गावती जी किसी परिचय की मोहताज नहीं है। वीरांगना रानी दुर्गावती जी का पराक्रम, उनका शौर्य किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा हाथों में लिए तलवारे वह वीर की नारी थी, महारानी थी दूर-दूर तक प्रसिद्ध थी वो सबकी जानी पहचानी थी। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा इस क्षेत्र में पिछले साल राज्य शासन द्वारा बड़ा देव मंदिर के लिए एक करोड़ की राशि दी गई है, यहां चौरई में बड़ादेव का दिव्य और भव्य मंदिर बनने जा रहा है। हमारी सरकार ने आदिवासी समाज के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं और लगातार लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा यहां पर रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर दो दिवसीय गौरव गान कार्यक्रम रखा गया है, इसमें रानी के जीवन की बातें रखी जा रही हैं। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा आपका स्नेह, आपके आशीर्वाद से आने वाले समय में और अच्छे कार्यक्रम उनकी कर्म भूमि सिंग्रामपुर में आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर सिंग्रामपुर में भव्य आयोजन हो रहा है। इसके लिए मैं युवा विधायक और मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी को बहुत-बहुत धन्यवाद और बधाईयां देता हूं। इसी क्रम में हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने कहा वास्तव में रानी दुर्गावती साहस पराक्रम की प्रतिमूर्ति थी। उन्होंने मुगलों से लड़ाई लड़ते हुए अंतिम सांस तक अपने राज्य की और अपनी प्रजा की रक्षा की। उन्होंने कहा सभी महिलाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के पूर्व राज्यमंत्री श्री लोधी ने रानी दुर्गावती जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान संस्कृति विभाग द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

#### दी गई प्रस्तुतियां

कार्यक्रम में दमोह द्वारा आशी एडाली नृत्य एवं प्रिया मरकाम का नृत्य, मां रेवा ग्रुप सिंग्रामपुर के द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित प्रस्तुति, श्री जानकी बैंड जबलपुर द्वारा लोक गायन, रामचंद्र सिंह, आलेख तिवारी नृत्य नाटिका वीरांगना रानी दुर्गावती जीवन चरित्र पर आधारित प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया, विधायक उमादेवी खटीक, कौशल सिंह पोर्ते, अरविंद प्रताप सिंह जू देव, धीरज सिंह, गौरव पटेल, रमन खत्री, रूपेश सेन, भाव सिंह लोधी मासाब, खड़ग सिंग मासाब, बबीता पोर्ते, गोविंद यादव, भारत सिंह, सहारा ठाकुर, जयसिंग कौड़ोप्पा, मंदीप यादव, राजेश सिंघई, रानू नामदेव, मुलायम चंद जैन, नितेन्द्र सिंह, मनोज राय सहित आदिवासी समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन सतेन्द्र सिंह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का आकर्षक एवं मनमोहक संचालन रंगकर्मी राजीव अयाची ने किया।

## बूथ चलो अभियान के अंतर्गत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

ब्लॉक पटेरा के अंतर्गत सघन पल्स पोलियो अभियान 23 जून 2024 से 25 जून 2024 तक चलाया जाना है बूथ चलो अभियान के अंतर्गत प्रथम दिवस बूथ पर 11985 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई एवं दल द्वारा घर-घर जाकर 1364 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई । अन्य स्थानों पर मिलकर पटेरा ब्लॉक में कुल 13838 बच्चों को प्रथम दिवस में खुराक दी गई। उक्त पल्स पोलियो कार्यक्रम में डॉ अशोक कुमार बरोनिया खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा के मार्गदर्शन में समस्त स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा सघन पल्स पोलियो अभियान सफल संचालन किया जा रहा है।

## ओजेंद्र तिवारी अंतर्राष्ट्रीय लघु कथा सम्मेलन भोपाल में सम्मानित

**दमोह।** रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं वनमाली सृजन पीठ भोपाल के सहयोग से लघुकथा दिवस पर आयोजित लघुकथा शोध केंद्र भोपाल के वार्षिक आयोजन में अखिल भारतीय लघु कथा सम्मेलन एवं अलंकरण समारोह का आयोजन भोपाल में दुष्यंत कुमार पांडुलिपि संग्रहालय में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती वंदना की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने की। मुख्य अतिथि विकास दवे मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक एवं विशिष्ट अतिथि अशोक भाटिया करनाल, अतुल प्रभाकर दिल्ली, सूर्यकांत नागर इंदौर थे। लघु कथा शोध केंद्र भोपाल की कांता राय कार्यक्रम की मुख्य आधार थी। कार्यक्रम में कई किताबों का विमोचन हुआ एवं अनेक लघु कथाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ओजेंद्र तिवारी को लघु कथा लेखन के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। इसी कार्यक्रम में पदमा तिवारी को श्रेष्ठ सृजन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान मिलने पर इंजीनियर अमर सिंह राजपूत, श्याम सुंदर शुक्ला, पीएस परिहर, बीएम दुबे, रामकुमार तिवारी, मनोरमा रतले, बबीता चौबे, विमला तिवारी, डॉक्टर गणेश राय, आराधना राय आदि ने ओजेंद्र तिवारी पदमा तिवारी को शुभकामनाएं दी।

## एसडीएम ने पल्स पोलियो अभियान का किया निरीक्षण



**हटा ।** हटा के समीपस्थ प्रेमपुरा ग्राम में एसडीएम राकेश सिंह मरकाम द्वारा पल्स पोलियो अभियान का निरीक्षण किया गया एवं गांव में बच्चों के घरों में पहुंचकर बच्चों के अभिभावकों से पोलियों दवाई पिलाई जाने की जानकारी ली गई साथ ही बच्चों के बांये हाथ की ऊंगली के निशान को भी चेक किया गया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम को ग्राम प्रेमपुरा में पल्स पोलियो की मानीटरिंग में टीम कार्य करती हुई मिली जहां टीम से अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई साथ ही रिपोर्टिंग प्रपत्र को भी चेक किया गया।वही एसडीएम द्वारा टीम को निर्देशित किया कि जो बच्चे बाहर गए है उनकी जानकारी अपडेट रखना और फॉलोअप भी करना जरूरी है एवं सूची तैयार कर जानकारी अपडेट रखें इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से बुध्दन तंतुवाय देवेंद्र ठाकुर,पल्स विनी लाल , दशरथ कोरी की मौजूदगी रही।

## ग्राम धनगौर में पौधारोपित किए



**तेंदूखेड़ा।** प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह अजय प्रकाश मिश्र के निर्देशानुसार तथा धर्मेश भट्ट जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विश्व योग दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया। इस मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा पूजित कमल की उपस्थिति में ग्राम धनगौर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान न्यायाधीश, अनुविभागीय अधिकारी वन प्रतीक दुबे, वन परीक्षेत्र अधिकारी सृष्टि जैन, सहायकवन परिक्षेत्र अधिकारी खूबसिंह ,वनरक्षकों के साथ उपस्थित रहे।

## पोलियो की दो बूंद दवा बच्चों के जीवन के लिए अमृत समान

**बनवार।** पोलियो की दो बूंद दवा बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। प्रत्येक माता-पिता को हर संभव प्रयास करना चाहिए कि अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। तीन दिवसीय पोलियो अभियान के तहत सेक्टर सिमरी जालम के अंतर्गत नवांकुर संस्था दीपांजलि सोशल वेलफेयर समिति के माध्यम से पल्स पोलियो अभियान जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद दवा सेक्टर के विभिन्न ग्रामों में पिलाई गई जिसमें समिति के सदस्य एवं परामर्शदाता त्रिलोक सिंह के द्वारा जागरूकता अभियान चलते हुए पोलियो मुक्त भारत बनाने के लिए सभी अपने-अपने प्रयासों से बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु प्रेरित करें और पोलियो बूथ पर अपने-अपने बच्चों को दवा पिलाने हेतु बड़ी संख्या में माता बहनों की उपस्थिति रही।

## राज्यमंत्री ने उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवन किया लोकार्पित




**सिंग्रामपुर।** प्रदेश के संस्कृति पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सिग्रामपुर मैं नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण फीता काटकर किया वही राज्य मंत्री का स्वागत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पुष्प हार पहना कर किया लोकार्पण समारोह अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग सीएचएमओ एवं सीबीएमओ को निर्देशित किया की सिग्रामपुर में नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन भवन बनकर न रह जाए इसमें तमाम उप स्वास्थ्य की सुविधाएं उपलब्ध करवाते हुए अति शीघ्र स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया जाए ताकि सिग्रामपुर एवं दूरस्थ वनांचल के दर्जनों गांव को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके उन्होंने कहा मोहन यादव सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण होने से ग्राम आसपास के ग्रामों के लोगों के लिए बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होगी सिग्रामपुर उप स्वास्थ्य केंद्र भवन की बहु प्रतीक्षित मांग आज पूरी हो रही है जिसका लाभ निश्चित ही सिग्रामपुर सहित आसपास के गांवों को मिलेगा उन्होंने जानकारी देते हुए बताया जबेरा विधानसभा में ऐसे ही 13 और उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों को स्वीकृति मिल गई है निकट भविष्य में 63,63 लाख की की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों का निर्माण होगा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की दिशा में जबेरा विधानसभा अग्रसर हो रही है इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ग्रामीण जनों के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थित रही!

## रक्तदान-महादान : अब तक 1200 बीमारों को ब्लड डोनेट कर चुका यह संगठन

**बनवार।** यदि किसी गंभीर बीमार मरीज के लिए रक्त चाहिए तो बस भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं से संपर्क करें। इसके तुरंत बाद निशुल्क रक्तदान-अभियान चला रहे कार्यकर्ता कम से कम समय में रक्तदान के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। इस तरह रक्तदान करके पिछले वर्षो तकरीबन 12 सौ लोगों की जान बचा चुके हैं। दमोह जिले के गांव गांव रक्तदान-महादान सेवाभाव के लिए संगठन कार्यकर्ता सक्रिय है। 1200 से अधिक लोगों को किया गया निशुल्क रक्तदान भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह ने बताया कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार जरूरतमंद व्यक्तियों को निशुल्क रक्तदान किया जा रहा है। जब किसी जरूरतमंद व्यक्ति को ब्लड की आवश्यकता होती है तो संगठन के लोगों से जब संपर्क किया जाता है तो संगठन के लोग आगे आकर रक्तदान करते हैं जिससे लोगों के जीवन की रक्षा होती है। रक्तदान महादान है हर व्यक्ति को रक्तदान के प्रति जागरूक होना चाहिए ताकि कभी किसी व्यक्ति की रक्त की कमी से जान न जा सके। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर समाज सेवा के उद्देश्य से जरूरतमंदों को निःशुल्क ब्लड दान किया जाता है। जिसके चलते आज कुकुआ निवासी प्रीति लोधी के पति को ब्लड की कमी थी तो A+ प्लस ब्लड नहीं मिल रहा था तो उन्होंने फोन लगाकर भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष डा सुजान सिंह ठाकुर जी को फोन लगाया तो उन्होंने दमोह में महेश गुप्ता जी को फोन लगाया और कहा कि आप एक बाटल रक्तदान की व्यवस्था कर दो तो उन्होंने रविशंकर प्रजापति जी भगवती मानव कल्याण संगठन सक्रिय करकर्ता को फोन लगाकर बुलाया तो वह शाम 7:30 बजे अस्पताल में आकर ए प्लस निशुल्क रक्तदान किया। वह अपना 03 बार रक्तदान कर चुके संगठन के द्वारा लोगों से भी अपील की गई है। आप सभी जरूरतमंद लोगों को ब्लड दान करे प्रीति लोधी ने संगठन आपका आभार व्यक्त करते कहा संगठन के द्वारा जो रक्तदान महादान अभियान चलाया जा रहा है उसकी वजह से हजारों लोगों जान बच गई है।

## जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है: पं उमाशंकर शास्त्री

**तेन्दूखेड़ा।** नगर के यादव मोहल्ला वार्ड क्रमांक 3 में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस पंडित उमाशंकर शास्त्री ने कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। श्री शास्त्री ने कहा कि धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पूतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दी कि मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदा माता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदा जी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्ण ज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दिखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यह ब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं। आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोडकर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है।



## अंतिम संस्कार में गए शख्स को सर्प ने डसा, जिंदा सांप को पकड़कर अस्पताल पहुंच गया

**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अजयगढ़ में एक अनोखा और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिसे देख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीज, उनके परिजन व अस्पताल का स्टाप आश्चर्यचकित रह गया। कुछ लोग तो डर कर अस्पताल के बाहर चले गए।दरअसल, अजयगढ के माधौगंज में रहने वाला बबलू सोनकर पिता बैजू सोनकर 24 वर्ष अपने रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने पन्ना रोड स्थित श्मसान घाट पहुंचा था।

खबर संक्षेप

## बंगाल टाइगर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कारण पश्चिम बंगाल है भारत का अभिन्न अंग : विद्यासागर पांडेय

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि एवं स्मृति विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष विद्यासागर पांडेय, कार्यक्रम प्रभारी उपाध्यक्ष रमन खत्री, महामंत्री सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी, संजय सेन मंचाशीन रहें। विचार गोष्ठी का प्रारंभ पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया एवं उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अपने श्रद्धासुमन मुखर्जी जी के चित्र पर समर्पित किए। जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी ने पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता के पश्चात पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार था कि भारतीय संस्कृति सभ्यता और हिंदुत्व के लिए एक राजनीतिक संगठन की आवश्यकता है तब गुरू गोलवलकर जी के मार्गदर्शन और पं दीनदयाल उपाध्याय जी के साथ भारतीय जनसंघ की स्थापना की। उनके द्वारा बोया जनसंघ रूपी बीच आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में विशाल वृक्ष के रूप में स्थापित है। मुख्य वक्ता विद्यासागर पांडेय ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के संघर्ष, बलिदान और उनके द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण को याद करते हुए कहा कि जब भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई तब रियासतों को भारत या पाकिस्तान में विलय या स्वतंत्र रहने का अधिकार दिया गया, आज यदि पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न अंग है तो बंगाल टाइगर पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के कारण। स्वतंत्र भारत की सरकार में उद्योग मंत्री रहते हुए पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने भारत के उद्योग जगत को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने नवीन कारखाने आदि खोलने का कार्य किया। कश्मीर विषय पर उनका एक ही उद्देश्य था कि एक देश में दो निशान दो प्रधान दो संविधान नहीं चल सकते। कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने और धारा 370 जैसी विभाजन कारी धारा को हटाने के लिए उन्होंने अपना बलिदान दे दिया।

### होमगार्ड सैनिक को धारदार हथियार से तो वहीं उसके बेटे व भतीजे को गोली मारकर हत्या

# तिहरे हत्याकांड से दहला दमोह: पुराने विवाद के चलते बदला लेने की धारदार हथियार व गोली मारकर 3 की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



देहात थाना अंतर्गत बांसा तारखेडा में सोमवार सुबह पुरानी रंजिश के चलते होमगार्ड सैनिक तथा उसके बेटे व भतीजे की हत्या कर दिए जाने का सनसनी खेज घटनाक्रम सामने आया है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। वही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर जांच में जुटे हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांसा तारखेडा में विश्वकर्मा समाज के दो परिवारों के बीच में पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था जिसके राजीनामा को लेकर सोमवार को बैठक होना थी। लेकिन उसके बाद तिहरे हत्याकांड की वारदात सामने आई है। इस लोम हर्षक वारदात में होमगार्ड सैनिक रमेश विश्वकर्मा को मन्दिर के सामने धारदार हथियार से निशाना बनाया गया। इसके पूर्व उपरोक्त हालात से बेखबर बाइक से घर से निकल कर कोचिंग सेंटर जा रहे रमेश के बेटे उमेश तथा भतीजे विक्की पर आरोपियों ने तबातोड़ गोलियां बरसाई गई। जिससे यह दोनो मौके पर ढेर हो गए। इसके बाद बाद होमगार्ड सैनिक रमेश विश्वकर्मा के गले मे धारदार हथियार से निशाना बनाकर मौत की नींद सुला दिया गया। विश्वकर्मा परिवार के बीच इस पारिवारिक विवाद की वजह बांसा तारखेडा गांव में महीने भर पहले हुआ वह घटनाक्रम बताया जा रहा है जिसमें बिल्डर श्री सुरेका को कार से लेकर ड्राइवर राजा विश्वकर्मा बांसा तारखेडा ग्राम आया था। जहा सकरी सड़क से निकलने के दौरान उनकी कार एक गाय के बछड़े पर चढ़ गई थी जिस पर से होमगार्ड सैनिक रमेश विश्वकर्मा ने ड्राइवर राजा और बिल्डर रॉकी सुरेका से जमकर बाद विवाद किया था। घायल राजा की रिपोर्ट पर पुलिस ने होमगार्ड सैनिक रमेश तथा अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। बताया जा रहा है कि गाड़ी मालिक बिल्डर के साथ हुई बेइज्जती का बदला लेने के लिए हुई राजा तभी से प्लानिंग कर रहा था। वही आज राजीनामा की चर्चा के दौरान भी जब रमेश विश्वकर्मा और उसके बेटे ने बिल्डर से माफी मांगने के लिए तैयार नहीं हुई तो एक-एक करके उनको मौत के घाट उतार दिया गया। उपरोक्त हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में जहां दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना की जानकारी लगने पर देहात थाना पुलिस जहां सबसे पहले मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए तीनों शवो को पोस्टमार्टम के लिए दमोह भिजवाया है। इधर एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी, एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा ने भी मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया घटना की जानकारी ली और आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए है। इधर जानकारी लगने पर सागर से आईजी मैं भी घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लेकर जानकारी ली।





एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि करीब एक माह पूर्व कुछ विवाद हुआ था जिसमें मारपीट हुई थी उसी के राजीनामा को लेकर होमगार्ड सैनिक को बुलाया गया था। उसके बाद आरोपियों ने उसे धारदार हथियार से जान ली। इसके साथ ही बेटे व भतीजे जो स्टूडेंट थे उनकी गोली मारकर हत्या की गई है। आरोपी इनके परिवार कुटुम्ब के ही बताये जा रहे है जिनकी तलाश के लिये पुलिस टीम को रवाना कर दिया है।

## अस्थायी नल जल योजना का उन्नयन कर व्यारमा से जोड़ने सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

नगर परिषद द्वारा लगभग 13 करोड़ की जिस नल जल योजना के व्दारा वर्तमान मे अंग्रेजी शासन काल मे निर्मित जीर्ण शीर्ण वर्षों पुराने चिरईपानी जलाशय एवं सतधारू योजना से अस्थायी एवं वैकल्पिक रूप से दिया जाने वाला पानी हकीकत मे हिण्डोरिया के लोगों की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान नहीं है । वास्तव मे नगर के संभ्रांत लोगों की पेयजल की स्थाई पेयजल समस्या के समाधान के लिए नपा की नल जल योजना का उन्नयन कर उसे स्थाई जल स्त्रोत गाँव इमलिया के पास स्थित व्यारमा नदी से जोड़ा जाना व्यापक जनहित में नितांत आवश्यक है। उक्त आशय का एक आवेदन-सुझाव पत्र सोमवार को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को म.प्र.एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने जिला कलेक्ट्रेट पहुँच कर अपर कलेक्टर मीना मरकाम को दिया गया। इस बारे मे हिण्डोरिया वार्ड 06 निवासी पूर्व पार्षद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी सुजात खान ने बताया



कि चिरईपानी जलाशय से संबंध्द किसानों का जबरन सिंचाई का पानी छीनकर हिंडोरिया के लोगों में पेयजल के रूप में नपा द्वारा 26 जनवरी 2017 से अव्यवस्थित ढंग से वितरण करना एवं अनुबंधित चिरईपानी जलाशय का पानी सूख जाना या सिचाई विभाग व्दारा धोखा देने के बाद सतधारू नलजल योजना से पेयजल हेतु वैकल्पिक पानी प्राप्त करना हिंडोरिया की लगभग 20 हजार की आबादी की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान नहीं है ।वर्तमान मे इन दोनों वैकल्पिक जल स्त्रोत सतधारू योजना या वर्ष 1911 याने सौ वर्ष से अधिक समय से निर्मित उक्त जीर्ण शीर्ण चिरईपानी तालाब से नागरिकों की पेयजल की स्थायी समस्या का समाधान खोजना या सोचना वास्तव मे सही नही है। श्री खान ने आगे शासन- प्रशासन को सुझाव देते हुये पत्र मे लिखा है कि वर्तमान में नपा की नलजल योजना की पाईप लाईन का लगभग 4-5 किमी तक विस्तार कर उसे ग्राम किला से आगे ग्राम इमलिया के पास के स्थित स्थायी जल स्त्रोत व्यारमा नदी मे स्टाप डेम बनाकर जोड़ दिया जाये। तो निश्चित ही हमेशा के लिये नगर हिण्डोरिया के लोगों के पेयजल संकट का स्थायी समाधान हो सकता है। क्योंकि यहाँ पूरे वर्ष भर नदी मे पानी उपलब्ध रहता है। श्री खान ने जिला प्रमुख कलेक्टर सुधीर कोचर से इस दिशा मे वर्तमान मे संवेदनशील जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय सांसद, विधायक, हिण्डोरिया नपा परिषद आदि के साथ कलेक्ट्रेट सभा कक्ष मे एक बैठक करने एवं हिण्डोरिया कस्वा की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा मे कदम उठाने की पुरजोर मांग की है।

## तेजगढ़ और मोहड़ पहुंचकर कलेक्टर ने ग्रामीणों से समस्याएं सुनी, प्राचीन धरोहरों को भी देखा




**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज जिले के तेजगढ़ और मोहड़ ग्राम पहुंचे ग्रामीणों से की चर्चा उनकी बातें की, उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उन्होंने प्राचीन बावड़ी, किले की दीवार, पुरातात्विक महत्व के मढ़े का अवलोकन किया और इनकी साफ-सफाई एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर तेजगढ़ के माली मोहल्ला पहुंचें और प्राचीन बावड़ी की सफाई के निर्देश दिए। यहां ग्रामीणों ने सड़क और पानी की समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर श्री कोचर ने समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर श्री कोचर ने तेजगढ़ के प्राचीन हाथी द्वार का अवलोकन किया और गणेश मंदिर पहुंचकर दर्शन किये। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने प्राचीन किले की दीवार और नीचे जाती हुई सीढ़ियों को देखा साथ ही ग्रामीणों से इसके सौंदर्यीकरण के सुझाव मांगे। तेजगढ़ के ग्रामीणों ने अस्पताल और स्कूल से संबंधित समस्याओं से भी अवगत किया, जिसे कलेक्टर ने ध्यान से सुना और आवश्यक कार्य के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके उपरांत कलेक्टर श्री कोचर ग्राम मोहड़ पहुंचे जहां उन्होंने ऐतिहासिक महत्व की धरोहर प्राचीन मढ़े के भग्नावशेष, नक्काशी और कलाकृतियां देखी और इसके बनावट की प्रशंसा की, साथ ही कहा कि इसके संरक्षण के प्रयास किये जायेंगे। मोहड़ ग्राम में भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान से सुना और इनके निदान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। स्थानीय मंदिर में दर्शन कर ग्रामीणों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की और कहा कि जो भी समस्याएं है, उन्हें अधिकारियों को बताएं जिसके समाधान किया जाएगा।

## बिजली कटौती से जनजीवन अस्त व्यस्त

**गैसाबाद।** एक ओर जहां इस भीषण गर्मी से लोग हैरान परेशान हो रहे है। वहीं दूसरी ओर बिजली कटौती के चलते लोगों का जीना दुभर हो रहा है। बिजली कटौती से आमजन की दिनचर्या पर गहरा असर पढ़ रहा है। बिजली कटौती से जहां कोल्ड ड्रिंक दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित हो रही है। वहीं बिजली के अभाव में लोग रात्रि में ठीक तरह से नींद नहीं ले पा रहे हैं। ग्रामीण जनों के बताएं मुताबिक ग्राम की विद्युत सब स्टेशन में पदस्थ डेली बेसिस के कर्मचारीयो द्वारा विद्युत सब स्टेशन से ही बिजली कटौती की जा रही है। जहां बिजली के दामों में बढ़ोतरी की जा रही है। वहीं बिजली आपूर्ति में कटौती की जा रही है। बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि गैसाबाद विद्युत सब स्टेशन से ही बिजली कटौती होती है विद्युत सब स्टेशन में कोई शासकीय जवाबदार कर्मचारी की नियुक्ति नहीं होने से डेली बेसिस के कर्मचारी अपनी मनमानी करते हैं। बिजली कटौती के चलते लोगों को असुविधा हो रही है। ग्रामीणो ने बिजली कटौती बंद किए जाने की मांग की है इस विषय पर जब हिनौता सब स्टेशन से बात करनी चाही तो संपर्क नहीं हो सका।

## प्रत्येक आत्मा के भीतर केवल ज्ञान रूपी सूर्य शक्ति के रूप में है विद्यमान: आचार्यश्री



**कुंडलपुर ।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा सूर्य के पास धरती को प्रकाशित करने की क्षमता है अपनी किरणों के माध्यम से पूरे विश्व को प्रकाशित करता है। प्रकाशित करने की योग्यता उसके पास है और इस धरती से काफी दूर है हजारों नहीं लाखों किलोमीटर ।इसके उपरांत भी एक छोटा सा बादल का टुकड़ा उसके सामने आ जाए फिर प्रकाश अवरूद्ध हो जाता है किरणें धरती तक नहीं पहुंच पाती। चारों ओर यदि मान लो घटाएं छाई हैं तो कैसा लगता है ऐसा लगता है जैसे शाम होने को है और इतनी दूर से अपनी किरणों के माध्यम से भी कमल को खिला देता है ।किंतु व्यवधान उपस्थित हो जाता है उसकी क्षमता भी समाप्त जैसे हो जाती है। उसी प्रकार प्रत्येक आत्मा के भीतर केवल ज्ञान रूपी सूर्य शक्ति के रूप में विद्यमान है और उसको उद्घघाटित करने के लिए बार-बार प्रयास किया गया है ।किंतु उस केवल ज्ञान रूपी ज्योति से भी ऐसी कोई अपूर्व शक्ति है जिस शक्ति के माध्यम से वह केवल ज्ञान नष्ट हुआ है ऐसा आगमकार का कहना है ।किंतु वह शक्ति तो है शक्ति कहीं गई नहीं है। दो प्रकार की शक्ति हुआ करती है।एक वैभागिक शक्ति एक स्वाभाविक शक्ति किंतु इन दोनों की अभिव्यक्ति एक साथ संभव नहीं दिन रहेगा तो रात नहीं रहेगी रात रहेगी तो दिन संभव नहीं दोनों स्वअनुवशता दोष इसे बोलते एक साथ देखना चाहे तो संभव नहीं । उसी प्रकार मोह का अंधकार छाया हुआ है और उस अंधकार के सद्भाव में केवल ज्ञान रूपी ज्योति प्रकट नहीं हो सकती है और उस केवलज्ञान को प्रकट करने के लिए बार-बार यह संसारी प्राणी प्रयत्न करता है किंतु अभी तक सफल नहीं हुआ। उसका प्रयत्न उसका पुरुषार्थ फिर कब सफल होगा महाराज संभावना है कि नहीं संभावना तो है यदि वह भव्य है तो निश्चित रूप से उदघाटित होगी। लेकिन एक और विषय आगम के आधार से आपके सामने रख रहा हूं कि ऐसी भी जीव है दूरन्दून भव्य की बात नहीं कर रहा हूं वह तो है ही अभव्य तो जाएंगे नहीं दूरन्दून भव्य को मुक्ति नहीं मिलेगी ।किंतु ऐसे भी अनंत भव्य जीव हैं उनके लिए भी भविष्य में मुक्ति मिल सकती है क्या? प्रश्न है ? अनंतानंत भव्य जीव हैं जिनके पास रत्नत्रय को उपलब्ध करने की क्षमता विद्यमान है उसके बाद भी क्योंकि संसार का अंत जो होता है वह व्यक्तिगत संसार का अंत हो सकता है किंतु नाना जीवन के अपेक्षा से संसार का अंत नहीं हो सकता ।भविष्य में अनंत काल में ऐसे भी जीव उपलब्ध रहेंगे जो भव्य होकर भी मोक्ष को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। एक जीव की अपेक्षा से तो संभव है किंतु नाना जीव की अपेक्षा अनंतानंत जीव है। भव्य जीव उनका यदि अभाव हो जाएगा तो संभव नहीं क्योंकि मोक्ष मार्ग भी अनादि अनिधन है और संसार मार्ग भी अनादि अनिधन है। संसार समाप्त नहीं होगा और श्रद्धान का विषय आपके सामने रख दूं आपको आश्चर्य होगा ऐसा नेमीचंद सिद्धांत चक्रवर्ती ने गोमटसार में उल्लेख किया है।

## उपभोक्ता फोरम ने इंडियन बैंक को परिवादी के रूपये भुगतान करने का आदेश किया पारित

**दमोह ।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग दमोह द्वारा अध्यक्ष ऋषभ कुमार सिंघई द्वारा एक प्रकरण में पारिवादी को हुई क्षति के लिए राशि दिए जाने का आदेश पारित किया पारिवादी की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता आकाश जैन ने बताया कि प्रकरण क्रमांक 178 /2023 में आनावेदक इंडियन बैंक से परिवादी द्वारा 9 लाख रुपए का लोन लिया गया था परंतु परिवादी के ऋण खाते से और 3 साल की अवधि में 38232/ रुपए के रूप में गलत तरीके से अधिक चार्ज ले लिए गए जिसमें दिनांक 02/02/21 को 10620/ रुपये दिनांक 15/3/22 को 13275 रुपये तथा दिनांक 21/01/23 को 14337 रुपए इस तरह कुल राशि 38232 रुपए की राशि गलत तौर पर चार्जेज के रूप में ले लिए गए जिसकी शिकायत पक्षकार द्वारा जिला उपभोक्ता फोरम में दर्ज की गई लगातार पेशी होने के पश्चात केस में फैसला हुआ जिसमें अनावेदक को सेवा में कमी के चलते राशि दिए जाने का आदेश पारित हुआ तथा इंडियन बैंक को पारित आदेश अनुसार परिवादी मुरलीधर कुकरेजा से गलत तरह से दिए गए चार्ज के रूप में काटी गई राशि 38232 रुपए की इस राशि पर ऋण खाते में उसी दिनांक के बकाया में समायोजित किया जाए अर्थात इस राशि पर बैंक की अनुबंधित दर का जो ब्याज लिया गया है वह भी परिवादी के खाते में सामायोजित किया जाए तथा परिवादी को सेवा की कमी के मद में 10 वं वाद व्यय के मद में 3000 रूपये प्रथक रूप से भुगतान किया जाए।

## परियोजना अधिकारी ने बच्चों को पिलाई वैक्सीन, केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह



पल्स पोलियो अभियान के द्वितीय दिवस पर महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी शिव राय ने रनेह सेक्टर के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर पल्स पोलियो की जानकारी लेते हुए श्री राय ने 0 से 5 वर्ष के बच्चों के घर-घर जाकर पल्स पोलियो वैक्सीन पिलाई। साथ ही ड्यूटीरत कर्मचारियों को शत प्रतिशत अभियान सफल करने निर्देशित किया। पोलियो अभियान समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र बरखेरा चैन, बम्होरी, ककरा, रनेह के केंद्रों का सतत निरीक्षण करते हुए वजन पंजी, टीकाकरण पंजी, गर्भावस्था प्रसव पंजी, शाला पूर्व पंजी, पूरक पोषण आहार के साथ ही अन्य पंजियों का निरीक्षण करते हुए कार्यकर्ताओं को समस्त रिकार्ड कंप्लीट कर नियमित रूप से आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित मिलना चाहिए। शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पूर्ण लाभ हितग्राही को मिलना चाहिए। कार्यकर्ताओं की किसी भी लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर समूचे जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों का सतत निरीक्षण कर रहे हैं, कभी भी किसी भी केंद्र पर पहुंच सकते हैं। श्री राय ने आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन उपस्थिति, मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं को केंद्र संचालित करने निर्देशित किया।

## सीएम राइज स्कूल रनेह में ही बने, आज कलेक्टर को ग्राम वासी सौंपेंगे ज्ञापन

**रनेह।** मध्य प्रदेश शासन शिक्षा में सुधार की नीति के तहत प्राइवेट स्कूलों की सुविधा जैसे शासकीय स्कूल गांव में हों और गांव के बच्चे शिक्षित हों, जिसके चलते प्रदेश में शहर और गांव में सी एम राइज स्कूल खोले जा रहे हैं। इसी के तहत हटा तहसील द्वारा ग्राम रनेह में भी शासन द्वारा सी एम राइज स्कूल स्वीकृत किया गया, और स्कूल भवन निर्माण के लिए शिक्षा विभाग ने शासकीय भूमि खसरा नंबर 217 रकबा 9.48 हेक्टेयर हस्तांतरण किए जाने ऑनलाइन आवेदन कर दिया और दस्तावेज संलग्न कर कलेक्टर महोदय दमोह के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया, जिस भूमि का रकबा भेजा गया है यह जमीन ग्राम पंचायत बंधा के ग्राम हिनौती मौजे में आती है एवं रनेह से काफी दूरी पर है साथ ही उक्त भूमि व्यारमा नदी में बाढ़ आने पर डूब क्षेत्र में आ जाती है। शिक्षा विभाग ने यह जमीन कैसे प्रस्तावित कर दी! यह बात सभी की समझ से परे है! क्योंकि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनेह की निजी जमीन है जिसकी अलग-अलग खसरा नंबरों में 4.85 हेक्टेयर जमीन है, और इस जमीन पर सी एम राइज स्कूल बनाया जा सकता है। रनेह में स्वीकृत सी एम राइज स्कूल का भवन रनेह में ही बने ना कि हिनौती में, इस आशा से ग्राम के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, ग्राम एवं क्षेत्रवासी कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को वास्तविकता से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपेंगे, साथ ही नायब तहसीलदार द्वारा जारी इश्तहार पर आपत्ति दर्ज कराएंगे।

## करंट लगने से नवविवाहिता की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**बटियागढ़।** बटियागढ़ थाना क्षेत्र के शेखपुरा की घटना जहां एक नवविवाहिता को गीले कपड़े डालते समय लगा करेंट, जिससे नवविवाहिता बुरी तरह गंभीर घायल हो गई। परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी लगी आनन-फानन में में परिजन नवविवाहिता को निजी वाहन से सीएचसी बटियागढ़ लाये। जहां पर ड्यूटी डॉ. श्रवण पटेल ने जांच उपरांत नवविवाहिता मेदा पति मन्नु आदिवासी उम्र 19 निवासी उमराहो थाना पथरिया को मृत घोषित किया। परिजनों के द्वारा बटियागढ़ थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस में मर्ग कायम कर जांच शुरू की परिजनों के अनुसार मेदा बाई उम्र 19 निवासी उमराहो पथरिया जो अपने मायके(मां बाप के घर) शेखपुरा आई थी। नहाने के बाद कपड़े सुखाने डालते समय करेंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने तहसीलदार बटियागढ़ राबिन जैन के समक्ष पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर जाच शुरू की। बटियागढ़ तहसीलदार राबिन जैन ने बताया कि मेदा बाई शेखपुरा बटियागढ़ में कपड़े सुखाने के लिए डाल रही थी जी जिससे उसकी करेंट लगने से मौत हो गई। उसी की पंचनामा कार्यवाही की गई। अभी तक कोई आरोप सामने नहीं आये है पुलिस अपनी जांच कर रही है।



## साधारण सभा की बैठक में किया नवीन कार्यकारिणी का गठन

**दमोह।** श्री हनुमान गढी शिक्षण समिति दमोह विगत 67 वर्षो से जिले के शैक्षणिक जगत में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही हैं। समिति तीन शैक्षणिक संस्थायें रामकुमार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामकुमार माध्यमिक विद्यालय एवं श्रीरामकुमार संस्कृत विद्यालय संचालित कर रही हैं। इसी को लेकर समिति की साधारण सभा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वार्षिक प्रतिवेदन आय व्यय प्रस्तुत किया गा। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारका प्रसाद सोनी की उपस्थिति में आगामी तीन वर्षो के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें विष्णु प्रसाद गुप्ता अध्यक्ष, भवगती प्रसाद श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, हरिशंकर त्रिपाठी सचिव, स्वामी अशोक कुमार तिवारी कोषाध्यक्ष, विजय सिंह ठाकुर सह सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पूर्व अध्यक्ष डॉ रघुनंदन चिले, जितेन्द्र कुमार गुरू, नारायण सिंह ठाकुर, द्वारका प्रसाद सोनी, मनोज कुमार खरे, डॉ गोपाल प्रसाद अयाची, गोपाल लाल विश्वकर्मा, नन्हें लाल केशरवानी, राजेश दुबे एवं रिक्खी लाल गुप्ता का चयन सर्व सम्मति से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ ने नवीन कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी और सभी का आभार माना।